**भारत सरकार**

**नागर विमानन मंत्रालय**

**राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली**

*****

**नागर विमानन मंत्रालय में विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर एक (01) युवा पेशेवर (वाईपी) की नियुक्ति के लिए आवेदन का आमंत्रण।**

नागर विमानन मंत्रालय, संसद एकक के लिए एक (01) युवा पेशेवर (वाईपी) को विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है, जिसे कार्य निष्पादन और आवश्यकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

2. नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, युवा पेशेवरों हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। पात्रता मानदंड, तकनीकी शर्तों आदि सहित इसकी विस्तृत जानकारी मंत्रालय की वेबसाइट www.civilaviation.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि ***मंत्रालय की वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड होने की तिथि से 30 दिन*** है। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सुधांशु शेखर मिश्र
21/05/2026

श्री सुधांसु शेखर मिश्र
उप सचिव, भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,
नई दिल्ली-110003

**एच-11021/37/2022-पीयू-एमओसीए**

**भारत सरकार**

**नागर विमानन मंत्रालय**

*********

बी ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,
नई दिल्ली, दिनांकः 21 मई, 2026

**विषय: नागर विमानन मंत्रालय में विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर 01 युवा पेशेवर की नियुक्ति हेतु आवेदन के आमंत्रण के संबंध में।**

नागर विमानन मंत्रालय संसद एकक के लिए एक (01) युवा पेशेवरों (वाईपी) को विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करने का प्रस्ताव रखता है, जिसे कार्य-निष्पादन और आवश्यकता के आधार पर आगे विस्तारित किया जा सकता है। निर्धारित आवश्यक योग्यता, विशेषज्ञता और अनुभव वाले उम्मीदवारों को युवा पेशेवर के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

आवेदकों को नीचे दिए गए पते पर केवल ईमेल द्वारा ही संपर्क करना है। टेलीफोन कॉल या अन्य संचार माध्यमों पर विचार नहीं किया जाएगा।

विज्ञापन का विवरण निम्नलिखित है:-

I. **कार्य की अपेक्षाएँ**: **अनुलग्नक-I** में दिए गए विस्तृत संदर्भ शर्तों के अनुसार।

II. **अनिवार्य योग्यता**: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में स्नातकोत्तर डिग्री (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष)।

III. **वांछनीय योग्यता/दक्षता:**

i. निरंतर अच्छा शैक्षणिक निष्पादन,
ii. अच्छी समझ और लेखन कौशल,
iii. वर्ड और पावर प्वाइंट में स्पष्ट उच्च-गुणवत्ता वाली रिपोर्ट तैयार करने की क्षमता,
iv. एमएस एक्सेल में डेटा प्रोसेसिंग सहित एमएस ऑफिस में व्यावहारिक अनुभव,
v. भारत सरकार के विभिन्न नियमों और विनियमों की अच्छी जानकारी,

vi. सरकारी संगठन में कार्यालय प्रक्रियाओं का ज्ञान; और

vii. लंबे समय तक काम करने और कार्य-तनाव से निपटने की क्षमता।

IV. **आयु सीमा:** दिनांक ***01.08.2026*** को 30 वर्ष से अधिक नहीं।

V. **कार्य अनुभव:** किसी सार्वजनिक/निजी संस्थान में एक वर्ष का अनुभव।

VI. **छुट्टी:** युवा पेशेवर (वाईपी), 1 वर्ष की पूर्ण अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर 12 दिनों के अवकाश हेतु पात्र होंगे। युवा पेशेवर को स्वीकार्य अवकाश से अधिक अनुपस्थिति अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। अनुपभुक्त अवकाश को न तो अगले वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जाएगा और न ही भुनाया जाएगा।

VII. **यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता:** कार्यभार ग्रहण करने पर या कार्यभार पूरा होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। युवा पेशेवरों को कोई अन्य सुविधाएँ जैसे दैनिक भत्ता, आवास, दूरभाष(फ़ोन)/वाहन/परिवहन के लिए प्रतिपूर्ति, विदेश यात्रा, निजी स्टाफ, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सीजीएचएस आदि देय नहीं होंगी।

VIII. **अनुबंध अवधि:** युवा पेशेवर (वाईपी) को एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे नागर विमानन मंत्रालय की आवश्यकता, स्पष्ट रूप से परिभाषित प्रमुख कार्यनिष्पादन संकेतकों पर आधारित संतोषजनक वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा युवा पेशेवर (वाईपी) की आवश्यकता की समग्र स्थिति और संबंधित बजट शीर्ष में धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक बार में एक वर्ष (नागर विमानन मंत्रालय के दिशानिर्देशों में उल्लिखित अधिकतम अवधि के अध्यधीन) के लिए बढ़ाया जा सकता है। किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का अग्रिम नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

IX. **अधिकतम कार्यकाल:** वाईपी का अधिकतम निरंतर कार्यकाल, अधिकतम तीन वर्ष (1+1+1) होगा जो नागर विमानन मंत्रालय के दिशानिर्देशों में उल्लिखित कारकों के अध्यधीन होगा।

X. **अधिकतम कार्यकाल से आगे समय-विस्तार:** असाधारण परिस्थितियों में ऊपर उल्लिखित अधिकतम कार्यकाल से आगे 1 वर्ष के लिए समय-विस्तार पर विचार किया जा सकता है।

XI. **पारिश्रमिक भुगतान की शर्तें:** युवा पेशेवर की नियुक्ति के लिए पारिश्रमिक 54,000 रुपये प्रति माह (सभी समावेशी) होगा।

XII. **वार्षिक वेतन वृद्धि:** संतोषजनक निष्पादन के अधीन समेकित पारिश्रमिक का 6% तक।

XIII. **मूल्यांकन का आधार:** आवेदनों की जांच मंत्रालय द्वारा अपेक्षित और वांछनीय योग्यता और आवेदकों के पिछले कार्य अनुभव के आधार पर की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए गठित परामर्श मूल्यांकन समिति जीएफआर, 2017 के प्रावधानों के अनुपालन में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों के साथ एमसीक्यू आधारित परीक्षा व्यक्तिगत साक्षात्कार (प्रत्येक 50 अंक) आयोजित कर सकती है।

XIV. **आवेदन जमा करने के लिए दिशानिर्देश:** निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन इस प्रकार जमा किया जाना चाहिए कि यह नीचे उल्लिखित पते पर दिनांक 20.06.2026 को शाम 05.00 बजे या उससे पहले मंत्रालय तक पहुंच जाए। उपर्युक्त समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

XV. **विभाग अपने निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित रखता है:** इस विज्ञापन को रद्द करने का निर्णय लेना, तथा इस मामले में आगे न बढ़ना, किसी भी स्तर पर किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई स्पष्टीकरण दिए स्वीकार या अस्वीकार करना।

XVI. **नोट:** युवा पेशेवरों का चयन सामान्य वित्तीय नियम 2017, परामर्श और अन्य सेवाओं के लिए खरीद मैनुअल 2017, भारत सरकार के मौजूदा संचार और नागर विमानन मंत्रालय के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय के दिनांक 14/10/2022 और 04/04/2024 के कार्यालय ज्ञापन में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

**2. इच्छुक आवेदक संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक-II) में अपना बायोडाटा ईमेल/डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त गूगल फॉर्म भरना भी अनिवार्य है:**

संसद एकक,
नागर विमानन मंत्रालय
कमरा संख्या 70, 'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,
सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली-1 10003
ईमेल पता:- parliamentunitmoca@gmail.com
गूगल फ़ॉर्म:- https://forms.gle/JSZP67Y4WVxguHNf9

**अनुलग्नक - I**

**नागर विमानन मंत्रालय के संसद एकक में 'युवा पेशेवर' की नियुक्ति के लिए संदर्भ शर्तें**

'युवा पेशेवरों' की सेवाओं का उपयोग निम्नलिखित कार्यों को करने में किया जाएगा:

1. लोक सभा, राज्य सभा और संसदीय कार्य मंत्रालय के साथ संपर्क सहित मंत्रालय के सभी संसद संबंधी कार्यों के समन्वय में सहायता करना।

2. संसदीय प्रश्नों, विशेष उल्लेखों, शून्यकाल के मामलों और उत्तरों/संक्षिप्त विवरणों की तैयारी का प्रबंधन और निगरानी।

3. बैठकें, दौरे और मौखिक साक्ष्य सहित संसदीय समिति के मामलों का समन्वय।

4. संक्षिप्त सामग्री, पृष्ठभूमि नोट, चर्चा के रिकॉर्ड (आरओडी) और कृत कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) तैयार करना।

5. विधेयकों, अध्यादेशों की निगरानी और संसद के पटल पर दस्तावेज़ रखने सहित विधायी कार्य में सहायता करना।

6. संसदीय आश्वासनों की निगरानी और संबंधित अनुभागों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई।

7. परामर्श समिति की बैठकों और संबंधित दस्तावेज़ीकरण के आयोजन में सहायता करना।

8. पोर्टल पर अपलोड सहित समय पर इनपुट और डेटा प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रभागों/पीएसयू के साथ समन्वय।

9. समय-समय पर सौंपा गया संसद से संबंधित कोई अन्य कार्य।

10. वित्तीय मामलों का ज्ञान।

11. युवा पेशेवर अनुभाग अधिकारी (संसद एकक) के अधीन कर्तव्यों का अनुपालन करेगा, जो कार्य सौंपेगा, मार्गदर्शन प्रदान करेगा और संयुक्त सचिव के समग्र मार्गदर्शन के अंतर्गत युवा पेशेवर द्वारा कार्य पूरा करने की निगरानी करेगा।

यह एक पूर्णकालिक कार्यभार है। युवा पेशेवरों को राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली के परिसर में कार्यालय स्थान/उपकरण की आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नागर विमानन मंत्रालय का कार्यालय समय लागू होगा। इसके अलावा, यदि आवश्यक हो तो उसे अवकाश के दिनों में या विस्तारित समयावधि के लिए कार्यालय में उपस्थित रहना होगा।

अनुलग्नक - II

**नागर विमानन मंत्रालय, संसद एकक में युवा पेशेवरों की भर्ती के लिए आवेदन का प्रारूप**

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फ़ोटो लगाएँ

1. नाम:
2. पिता का नाम:
3. जन्म तिथि:
4. निवास स्थान:
5. राष्ट्रीयता:
6. डाक संबंधी जानकारी :

| डाक / वर्तमान पता | स्थायी पता | फ़ोन / मोबाइल | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|
| | | | |

7. शैक्षणिक योग्यता (सभी सहायक दस्तावेजों की स्कैंड प्रति संलग्न करें) :

| क्र.सं | पाठ्यक्रम | विषय | विश्वविद्यालय / संस्थान | उत्तीर्ण होने का वर्ष | कुल अंक/प्राप्त अंक/डिवीजन /ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

8. कार्य अनुभव (सभी सहायक दस्तावेजों की स्कैंड प्रति संलग्न करें):

| क्र.सं | संगठन / संस्थान | अवधि<br>तिथि से- तिथि तक | कार्य की प्रकृति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

9. वांछनीय योग्यता, यदि कोई हो: (सभी सहायक दस्तावेजों की स्कैंड प्रति संलग्न करें

| क्र.सं | संगठन / संस्थान | अवधि<br>तिथि से- तिथि तक | कार्य की प्रकृति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. कार्य और अनुभव, कार्य की प्रकृति, आदि के संबंध में अतिरिक्त का ब्यौरा अलग से संलग्न करें।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

स्थान :

तारीख :